नवरात्रि के टोटके

नवरात्रि जहां नौ दिन तक माँ दुर्गा की आराधना करके आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करने का त्यौहार है वहीं कुछ सरल नवरात्री के टोटके/उपाय करके आप अपने जीवन की बहुत सी समस्याओं को सदा के लिए समाप्त कर सकते हैं। नवरात्रों के टोने-टोटके जल्दी ही शुभ फल प्रदान करते हैं तथा आर्थिक और शारीरिक समस्या को खत्म कर देते हैं।
आज हम आपको को बता रहे हैं तंत्र शास्त्र के अनुसार नवरात्रि के अचूक टोटके/उपाय ।

नवरात्रि के अचूक टोटके/उपाय

धन प्राप्ति के लिए नवरात्रि के टोटके/उपाय

अष्टमी के दिन घर के पूजा गृह मैं उत्तर दिशा में मुख करके बैठे। अपने सामने चावल लाल कंकु मैं मिलाकर उनकी 1 ढेरी बना ले और उस ढेरी पर श्रीयंत्र रखें। श्रीयंत्र के सामने तेल के 9 दीपक जलाकर पूजा करें। पूजा समाप्ति के बाद चावल नदी मैं बहा दे और श्री यन्त्र तिजोरी मैं रख ले, बहुत धन लाभ होगा।

नौकरी में सफलता के लिए नवरात्रि के टोटके/उपाय

नवरात्र में नौ दिन तक रोज सुबह जल्दी उठ कर स्नान करने के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करे और १ 108 मनकों वाली स्फटिक की माला लेकर नौकरी या रोजगार प्राप्ति के लिए निम्नलिखित मंत्र का मंत्र का जप करें। नवरात्र मैं शुरू करके ३१ दिन तक लगातार इस मंत्र का १०८ बार जप करे तो नौकरी प्राप्ति में मदद मिलेगी।

‘ऊं हृीं वाग्वादिनी भगवती मम कार्य सिद्धि कुरु कुरु फट् स्वाहा’

मनोकामना पूरी करने के लिए के लिए नवरात्रि के टोटके/उपाय

नवरात्रि के नौ दिन रोज शिव मंदिर जाएं और शिवलिंग पर दूध, दही, घी, शहद और शक्कर चढ़ाकर अभषेक करे। अभिषेक के बाद शुद्ध जल चढ़ाएं और शंकर जी को चंदन, पुष्प एवं धूप, दीप अर्पित करें।पूजा के अंत मैं पूरे मंदिर की झाड़ू लगाकर सफाई करें। नवमी के दिन रात 10 बजे बाद हवन करे और “ऊँ नम: शिवाय” मंत्र की
घी से 108 आहुति दें। नवमी के बाद 40 दिनों तक रोज “ऊँ नम: शिवाय” मंत्र की पांच माला का जप भगवान शिव के सामने करें। आपकी सारी मनोकामना बहुत जल्दी पूरी होगी

कर्ज मुक्ति के लिए नवरात्रि के टोटके/उपाय

नवरात्री के किसी भी दिन प्रात: माता दुर्गा की पूजा के समय उनके श्री चरणों में 108 गुलाब के पुष्प अर्पित करें। और सवा किलो साबुत लाल मसूर लाल कपड़ें में बांधकर अपने सामने रख ले। घी का दीपक जलाकर माता के निम्नलिखित मंत्र का 108 बार जाप करें। मंत्र जाप के पश्चात मसूर को अपने ऊपर से 7 बार उसार कर किसी भी सफाई कर्मचारी को दान में दे दें। दुर्गा माता की कृपा से कर्जें से छुटकारा मिल जायेगा।

“सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके । शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते ”

कार्य मैं सफलता के लिए नवरात्रि के टोटके/उपाय

नवरात्र मैं नौ दिन तक रोज सुबह जल्दी “श्रीरामरक्षा स्तोत्र” का पाठ करने से हर कार्य मैं सफलता मिलती हैं और,सफलता के मार्ग में आने वाली समस्त बाधाएं दूर होती हैं।

नवरात्र मैं नौ दिन तक रोज सुबह जल्दी “दुर्गा सप्तशती” का पाठ करने से भी हर कार्य मैं सफलता मिलती हैं ।